आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 22.10.2026 समय : 1905

<><><><><><><><>

- शिक्षा मंत्री ने कहा देश के साढ़े चार करोड़ से अधिक उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों को ए आई आधारित भविष्य के लिए तैयार करना जरूरी।
- काशी–तमिल संगमम के पांचवें संस्करण के लिए पोर्टल का शुभारंभ। एक हजार उच्च शिक्षण संस्थानों से विद्यार्थियों को जोड़ने की पहल।
- सुनामी के खतरे से निपटने के लिए तटीय समुदायों को किया जा रहा जागरूक, द्वीप समूह के 30 गांवों में विशेष अभियान शुरू।
- जहाजों की नई समय सारणी जारी, कल सुबह 9 बजे शुरू होगी यात्री टिकटों की बुकिंग।

<><><><><><><><>

शिक्षा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत ए आई के बुनियादी ढांचे का विस्तार कर रहा है। इसके साथ ही, एक करोड़ युवाओं को ए आई का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। साथ ही चार ए आई उत्कृष्टता केंद्रों के माध्यम से अनुसंधान को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। श्री जोशी ने 'ए आई युग के लिए भारत के स्नातकों को तैयार करना' शीर्षक से लिखे अपने लेख में कहा कि उच्च शिक्षा व्यवस्था को ए आई के अनुरूप ढालने की जरूरत है। इसके लिए रटकर याद करने के बजाय सकारात्मक सोच, समस्या समाधान और व्यावहारिक कौशल पर जोर देना होगा। शिक्षा मंत्री ने कहा कि देश में उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों की संख्या साढ़े चार करोड़ से अधिक है। वर्ष 2030 तक भारत में सौ करोड़ से अधिक लोग कामकाजी उम्र के होंगे। ऐसे में, देश के युवाओं को ए आई आधारित अर्थव्यवस्था के लिए तैयार करना राष्ट्रीय प्राथमिकता है।

<><><><><><><><>

शिक्षा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने काशी–तमिल संगमम के पाँचवें संस्करण के लिए पोर्टल का शुभारंभ किया। इस वर्ष यह आयोजन 28 नवंबर से 12 दिसंबर तक वाराणसी में होगा। इसका विषय 'तिरुक्कुरल पयिल्वोम' अर्थात् 'तिरुक्कुरल अभ्यास करें' है। श्री जोशी ने सोशल मीडिया पर दी गई जानकारी में कहा कि आयोजन में विभिन्न श्रेणियों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। इसके अंतर्गत देश के एक हजार उच्च शिक्षण संस्थानों से एक–एक विद्यार्थी को शामिल करने की पहल की गई है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को तमिल के प्रसिद्ध ग्रंथ 'तिरुक्कुरल' की शिक्षाओं से परिचित कराना है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पना के अनुरूप यह आयोजन 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को

आगे बढ़ाने तथा काशी और तमिलनाडु के बीच ऐतिहासिक सांस्कृतिक संबंधों को प्रोत्साहित करने का प्रयास है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल नई दिल्ली में चिन्मय अमृत महोत्सव वैश्विक सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर श्री मोदी सभा को संबोधित भी करेंगे। तीन दिवसीय यह आयोजन चिन्मय मिशन के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में चल रहे वार्षिक समारोहों का समापन है। चिन्मय मिशन की स्थापना स्वामी चिन्मयानंद ने उन्नीस सौ इक्यावन में की थी। प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि इस सम्मेलन में भारत और विदेश से नौ हजार से अधिक प्रतिभागी शामिल होंगे। वार्षिक समारोहों का शुभारंभ पिछले वर्ष प्रधानमंत्री द्वारा तमिलनाडु के चिन्मय मिशन द्वारा भगवद् गीता के तमिल संस्करण के विमोचन के साथ हुआ था।

<><><><><><><>

आकाशवाणी श्री विजयपुरम में ब्रॉडकास्ट असिस्टेंट के पैनल तैयार करने की प्रक्रिया 27 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से आयोजित की जाएगी। सभी आवेदकों से निर्धारित तिथि में सुबह 9:30 बजे आकाशवाणी केंद्र में उपस्थित होने का अनुरोध किया गया है।

<><><><><><><>

अंडमान–निकोबार द्वीपसमूह के 30 चिन्हित तटीय गांवों में सुनामी तैयारी कार्यक्रम के तहत कल से जागरूकता एवं आपदा तैयारी गतिविधियां शुरू की गई हैं। प्रथम चरण में दक्षिण अंडमान के मीठाखाड़ी, बाराटांग के नीलांबुर और ननकौड़ी के चैंपिन गांव में कार्यक्रम आयोजित किए गए। आपदा प्रबंधन निदेशालय, अंडमान–निकोबार प्रशासन द्वारा भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केंद्र, हैदराबाद और संबंधित जिला प्रशासनों के समन्वय से संचालित इस अभियान में ग्रामीणों को सुनामी के खतरों, चेतावनी प्रणाली, निकासी मार्गों और सुरक्षित स्थानों की जानकारी दी जा रही है। भूकंप के तेज या लंबे झटके तथा समुद्र के जलस्तर में असामान्य बदलाव जैसे प्राकृतिक संकेत मिलने पर आधिकारिक पुष्टि की प्रतीक्षा किए बिना सुरक्षित स्थानों पर जाने के महत्व पर विशेष जोर दिया जा रहा है। यूनेस्को–आई ओ सी के सुनामी तैयारी संरचना के अनुरूप इस पहल का उद्देश्य सामुदायिक भागीदारी बढ़ाना और तटीय आबादी को सुनामी जैसी आपदाओं से निपटने के लिए तैयार करना है। शेष चिन्हित गांवों में भी जागरूकता गतिविधियां जारी रहेंगी।

<><><><><><><>

अंडमान–निकोबार प्रशासन के जहाजरानी सेवा निदेशालय ने तटीय क्षेत्रों और विभिन्न द्वीपों के बीच चलने वाले जहाजों की नई समय सारणी जारी कर दी है। टिकटों की बुकिंग कल सुबह 9 बजे से शुरू करने की घोषणा की है। यात्री dss.andamannicobar.gov.in वेबसाइट के माध्यम से किसी भी दिन और किसी भी समय ऑनलाइन टिकट बुक कर सकते हैं। इसके अलावा, स्टार्स टिकट काउंटर पर सभी कार्यदिवसों में सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक और शनिवार को सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक टिकट उपलब्ध होंगे।

<><><><><><><>

विद्युत विभाग के दक्षिण अंडमान मंडल ने 24 अक्टूबर को लाइनों की मरम्मत और छोलदारी में कार्य के चलते बिजली आपूर्ति बंद रखने की सूचना दी है। विभाग के अनुसार, टाइगर फीडर के अंतर्गत सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक सिप्पीघाट, कालापत्थर, धन्नीखाड़ी, लाल पहाड़, छोलदारी, पोर्ट मोट, ओग्राब्राज जंक्शन, मीठाखाड़ी तथा नमूनाघर से डंडस पॉइंट तक के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी।

<><><><><><><>

दक्षिण अंडमान के उप शिक्षा कार्यालय का खेल विभाग 26 से 31 अक्टूबर तक अंतरविद्यालयी रस्सी कूद प्रतियोगिता एवं वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन करेगा। इन प्रतियोगिताओं में विभिन्न विद्यालयों के छात्र–छात्राएं भाग लेंगे। रस्सी कूद प्रतियोगिता जी.एस.एस.एस मॉडल के सभागार में जबकि वॉलीबॉल टूर्नामेंट जी.एस.एस.एस भातूबस्ती के खेल मैदान में आयोजित किया जाएगा। इन आयोजनों का उद्देश्य विद्यार्थियों की खेल प्रतिभा को प्रोत्साहित करना और उनमें खेलों के प्रति रुचि बढ़ाना है।

<><><><><><><>

अंडमान–निकोबार राज्य टेबल टेनिस संघ की ओर से राज्य स्तरीय टेबल टेनिस चैंपियनशिप–सह–चयन ट्रायल का आयोजन 7 और 8 नवंबर को श्री विजयपुरम में किया जाएगा। प्रतियोगिता में सब–जूनियर एवं कैडेट वर्ग के अंडर–11, 13 और 15, जूनियर एवं यूथ वर्ग के अंडर–17 और 19 तथा सीनियर वर्ग में पुरुष, महिला और मिश्रित युगल सहित विभिन्न स्पर्धाएं होंगी। इच्छुक खिलाड़ी 5 नवंबर तक गूगल फॉर्म के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। पंजीकरण लिंक संघ के व्हाट्सऐप ग्रुप में साझा किया जाएगा। आवेदन और अन्य जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 9474–225–669 पर संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

दूरदर्शन केंद्र, श्री विजयपुरम द्वारा कल शाम साढ़े पाँच बजे से 'हैलो डॉक्टर' कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा। कार्यक्रम का विषय 'लेप्टोस्पायरोसिस बचाव एवं उपचार' होगा। इसमें सेवानिवृत्त चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. शिव शंकर सिंह स्टूडियो में उपस्थित रहकर दर्शकों के सवालों के जवाब देंगे। दर्शक इस लाइव फोन–इन कार्यक्रम में 244–745 या 245–662 पर फोन करके भाग ले सकते हैं।

<><><><><><><>

अंडमान–निकोबार द्वीपसमूह में कल भारी बारिश, गरज के साथ तेज हवाएं चलने की आशंका व्यक्त की गई है। मौसम संबंधी चेतावनी के अनुसार, उत्तर एवं मध्य अंडमान, दक्षिण अंडमान और निकोबार में भारी बारिश हो सकती है। वहीं, अंडमान–निकोबार के तटों पर ऊंची समुद्री लहरें उठने की संभावना है। समुद्र की स्थिति खराब होने की आशंका के चलते मछुआरों को समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>